आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
भारत के मन की बात
के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मो. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com



जालंधर, वीरवार 02 जनवरी 2025

# वंदे भारत 24

भारत के मन की बात





@vandebharat24 | vandebharat24 | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com


# कबड्डी खिलाड़ी की गोली मारकर हत्या, संगरूर में जबरन शादी का विरोध बना जानलेवा

**जालंधर( हर्ष शर्मा ) :** पंजाब के अंतर्गत संगरूर मेंलोंगोवाल के गांव देसुपुरा में एक कबड्डी के खिलाड़ी की गोली मारकर हत्या गई। गोली मारने वाला आरोपित मृतक के भाई का ससुर है।

आरोपी अपनी बेटी से मृतक की जबरन शादी करवाना चाहता था। मना करने पर उसने घर आकर उसे गोली मार दी। मृतक की पहचान जगपाल सिंह के नाम से हुई है। मृतक के पिता मक्खन सिंह ने बताया कि उसके दो बेटे हैं, जिनमें से एक का नाम चमकौर सिंह है, जिसकी शादी एक वर्ष पहले सुरमुख सिंह निवासी चीमां मंडी की लड़की से हुई थी।

## कई बार दे चुका था आरोपी धमकी

आरोपी ने दो शादियां की हुई हैं। गोली मारने वाला आरोपी सुरमुख सिंह अपनी दूसरी पत्नी की लड़की की शादी करवाने के लिए मृतक जगपाल सिंह पर दबाव डाल रहा था। सुरमुख सिंह व उसकी पत्नी मनदीप कौर कई बार जगपाल से झगड़ गए थे। वह पहले भी कई बार घर पर आकर धमकी दे चुका है। लेकिन जगपाल सिंह ने शादी करने से मना कर दिया। ऐसे में आरोपित चीमां मंडी निवासी सुरमुख सिंह ने घर में घुसकर जगपाल सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने सुरमुख सिंह व उसकी पत्नी मनदीप कौर निवासी चीमां मंडी के खिलाफ कत्ल का केस दर्ज किया है।

## मामले की जांच जारी

थाना लोंगोवाल के मुखी इंस्पेक्टर जतिंदरपाल सिंह ने कहा कि परिवार में आपसी रंजिश के चलते जगपाल सिंह की गोली मारकर हत्या की गई है। जिसकी लाश पुलिस ने कब्जे में ले ली है, उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आरोपी मौके से फरार है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## डेढ़ किलो अफीम के साथ युवक गिरफ्तार

उधर, अमरगढ़ स्थानीय पुलिस ने एक व्यक्ति को डेढ किलो अफीम समेत गिरफ्तार किया है। जानकारी मुताबिक सीआईए स्टाफ माहोराणा के इंचार्ज इंस्पेक्टर हरजिंदर सिंह अपने साथियों समेत गश्त के दौरान आदमवाल रोड पर मौजूद थे। तो वहां एक व्यक्ति सड़क पर खड़ा हुआ दिखाई दिया। उसके बाय हाथ में लिफाफा पकड़ा हुआ था। जिसने पुलिस को देखकर खेतों में फेंक दिया। जब वह भागने लगा तो पुलिस ने उसे तुरंत काबू कर लिया। लिफाफे की जांच करने पर उसमें से डेढ किलो अफीम बरामद हुई। आरोपित की पहचान रहमूदीन उर्फ गुडु निवासी गांव खोली थना गटोली राजस्थान के रूप में हुई है।



# अमेरिका के लुइसियाना में नए साल जश्न पर आतंकी हमला; वाहन से कुचलकर 10 की मौत, 30 से ज्यादा घायल

**जालंधर ( पंकज शर्मा ) :** अमेरिका के लुइसियाना राज्य के न्यू आर्लीन्स में एक वाहन भीड़ में घुस गया, जिससे दस लोगों की मौत हो गई। जबकि 30 से ज्यादा लोग घायल हो गए। घटना बोर्बन स्ट्रीट पर नए साल के जश्न के दौरान हुई। समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस ने कानून प्रवर्तन अधिकारियों के हवाले से कहा, पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद न्यू आर्लीन्स की घटना का संदिग्ध मारा गया।





## न्यू आर्लीन्स के मेयर ने बताया आतंकी हमला

न्यू आर्लीन्स पुलिस ने कहा कि वह इस भीषण हादसे से निपट रहे हैं। एक कार ने कथित तौर पर लोगों को कुचला। न्यू आर्लीन्स के मेयर लाटोया कैंट्रेल ने इसे आतंकवादी हमला कहा है। मीडिया से बातचीत में कैंट्रेल ने कहा, हमें पता है कि न्यू आरलीन्स शहर पर आतंकवादी हमला हुआ है। घटना की जांच चल रही है। वहीं, मेयर के बयान के कुछ समय बाद एफबीआई एजेंट ने मीडिया से कहा कि यह कोई आतंकवादी घटना है या नहीं इसकी जांच चल रही है। हालांकि, एफबीआई के न्यू आर्लीन्स कार्यालय की प्रभारी एलेथिया डंकन ने कहा, घटना स्थल पर एक परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद हुआ है।

हम यह पुष्टि करने का प्रयास कर रहे हैं कि घटना स्थल पर इसका उपयोग हुआ है या नहीं। राष्ट्रपति जो बाइडेन को भी घटना की जानकारी दे दी गई है।

# दिलजीत के शो में चोरों की मौज, बदमाशों ने उठाया भीड़ का फायदा, 17 लोगों के मोबाइल ले उड़े शातिर

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** पंजाबी सिंगर और एक्टर दिलजीत दौसांझ का नए साल के आगमन पर लुधियाना के पंजाब एग्रीकल्चर यूनिर्वसिटी स्थित फुटबॉल स्टेडियम में हुए कन्सर्ट के दौरान चोरों के हौसले भी बुलंद रहे। अलग अलग जगहों से दिलजीत के शो देखने के लिए आए लोगों की भीड़ में चोरों ने करीब 17 लोगों के मोबाइल फोन उड़ा दिए। चोरों ने मोबाइल चोरी की वारदात को इतनी सफाई से अंजाम दिया कि किसी को पता तक नहीं चला। जब पता चला जब शो खत्म हो चुका था और लोग मोबाइल ढूंढने के लिए इधर उधर हाथ मारते रहे। लोगों ने इसकी शिकायत थाना पीएयू की पुलिस के पास कर दी है। पुलिस के पास करीब 17 लोगों की शिकायतें आ चुकी हैं।



दिलजीत दोसांझ का शो दिल लुमिनाटी में आने और नए साल का जश्न मनाना कई लोगों को महंगा पड़ा। जहां महंगे दाम में टिकट लेकर शो देखने पहुंचे लोगों के चोरों ने महंगे मोबाइल फोन भी चोरी कर लिए। लोग शो के दौरान पूरी तरह से मस्ती में डूबे रहे, लेकिन जब शो खत्म हुआ और उसके बाद लोगों ने फोन निकाल कर देखने चाहा तो फोन गायब थे। जिसके बाद लोगों ने समारोह स्थल पर काफी तलाश की, लेकिन फोन नहीं मिले तो उन्होंने इसकी शिकायत थाना पीएयू के पास की। हालांकि दिलजीत के शो के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे। जहां पंजाब पुलिस का सख्त पहरा था वहीं प्राइवेट सिक्योरिटी भी लगी हुई थी। इसके बावजूद भी 17 लोगों के फोन निकाल लिए गए। कई ऐसे लोग भी है जिनके फोन गुम हो गए या फिर चोरी हो गए उन्होंने शिकायत ही दर्ज नहीं करवाई।

## गलत पार्किंग में खड़ी गाड़ियों को ले गई पुलिस

दिलजीत के शो के दौरान जहां लोगों के वाहनों की पार्किंग के लिए प्रशासन की तरफ से करीब 15 जगह दी गई थी। पार्किंग स्थल आधे किलोमीटर से लेकर साढ़े तीन किलोमीटर तक दूरी पर थी। लोग शो में जाने की जल्दी में गाड़ियां इधर उधर पार्किंग लगाकर चल दिए। पुलिस की तरफ से पहले ही चेतावनी थी, लेकिन लोगों ने एक नहीं सुनी और गाड़ियां पार्किंग लगाकर चले गए। पुलिस की टोइंग वैन ने कई गाड़ियों को वहां से उठा लिया। जिस कारण लोगों को अपनी गाड़ियां ढूंढने में काफी परेशानी हुई।

लोग अपने परिवारिक सदस्यों को इधर उधर लेकर घूमते रहे। जब लोगों को टोइंग वैन के बारे में पता चला तो लोग गाड़ी लेने के लिए पहुंचे। कई लोगों ने थाना पीएयू में शिकायत दर्ज करा दी कि उनकी गाड़ी चोरी हो गई है। इसके बाद पुलिस ने जांच की तो करीब आठ लोगों की गाड़ियां अलग अलग जगहों से ढूंढ कर दी। कई ऐसे लोग थे जो बाहरी शहरों से या फिर राज्यों से आए हुए थे वह अपनी गाड़ी पार्किंग लगाकर भूल गए। जो काफी मशक्कत के बाद ढूंढी गई।

## क्या कहती है पुलिस

थाना पीएयू के एसएचओ इंस्पेक्टर रविंदरपाल सिंह ने बताया कि पुलिस के पास 17 शिकायतें आ चुकी है। शिकायतों पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। कई लोगों के फोन गिरे है मगर पुलिस की जो ड्यूटी है लोगों के फोन किसी तरह से ढूंढ कर दिए जाएंगे और फोन चोरी करने वालों का पता लगा लिया जाएगा।


HAKIM TILAK RAJ KAPOOR HOSPITAL PVT. LTD.
NEAR FOOTBALL CHOWK, JALANDHAR | Call/Whatsapp No. +91-95015-02525



आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाइयों तथा पंचकर्मा द्वारा हर बीमारी के सफल इलाज के लिए मिलें।
Dr. Nuvneet Kapoor
B.A.M.S., M.D (H.T.R.K.)
Ph.: 0181-5092525
Website : www.hakimtilakraj.in

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247












## भगवान वाल्मीकि धर्म प्रचार समाज सुधार कमेटी और अनजान संगीत पार्टी (रजि) ने

# 14वीं विशाल शोभा यात्रा निकाली

**जालंधर (हर्ष शर्मा) :** हर साल की तरह इस साल भी भगवान वाल्मीकि धर्म प्रचार समाज सुधार कमेटी और अनजान संगीत पार्टी (रजि) के तत्वावधान में नया साल भगवान वाल्मीकि जी के साथ मनाते हुए 14वीं विशाल शोभा यात्रा निकाली गई।

यह शोभा यात्रा मंदिर अली मोहल्ला से आरंभ होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई मंदिर अली मोहल्ला में ही संपन्न हुई। यात्रा के दौरान भक्तों ने फूलों की वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।

इस आयोजन में संत समाज ने अगुवाई की, जिसमें महंत बबला दास सहित अन्य संतों की उपस्थिति रही। विशेष अतिथियों में नगर निगम के ज्वाइंट कमिश्नर राकेश खोगड़, पंजाब फायर सर्विस के .छ.स्र.ह जसवंत सिंह, हकीम तिलक राज कपूर अस्पताल के स्र्छ डॉ. नवनीत कपूर मौजूद रहे। इस अवसर पर राजिंदर कुमार, सहोता, अवनाश सोंधी, वरिंदर भगत, शाम लाल, नरेश कुमार, बलजिंदर, और धीरज समेत अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।







# यूक्रेन ने पहली बार ड्रोन से मार गिराया रूस का हेलीकॉप्टर

**जालंधर (अंशु कपूर) :** काला सागर के ऊपर उड़ रहे दो रूसी हेलीकॉप्टर को यूक्रेन के नवल ड्रोन ने निशाना बनाया। इस हमले में एक हेलीकॉप्टर पूरी तरह तबाह हो गया, जबकि दूसरे को नुकसान पहुंचा। ऐसा पहली बार हुआ है जब यूक्रेन के ड्रोन ने किसी रूसी चॉपर को निशाना बनाया है।

यूक्रेन की मिलिट्री इंटेलीजेंस सर्विस ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर इसका वीडियो शेयर किया है, जिसमें रूस के एमआई-8 हेलीकॉप्टर को यूक्रेन के मागूरा वी5 नवल ड्रोन की मदद से मार गिराया गया है। वीडियो में ड्रोन बोट



के आस-पास पानी पर गोलियों की बौछार दिखाई दे रही है। ऐसा लगता है कि उस पर हमला हुआ था। वीडियो में हेलीकॉप्टर की थर्मल इमेज दिखाई दे रही है। साथ ही एक मिसाइल फायर होता दिखता है। वीडियो ज्यादा स्पष्ट नहीं है। पानी के पास काफी ज्यादा हलचल हो रही है।

ऐसा पता चलता है कि हेलीकॉप्टर पर हमला हुआ और वह समुद्र में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। रेडियो कम्युनिकेशन को इंटरसेप्ट करने के बाद पायलट की आवाज साफ हुई। इसमें पायलट कह रहा है, '482, मुझ पर हमला हुआ है। मैं नीचे रहा हूं।' पायलट ने आगे कहा, 'एक विस्फोट हुआ और मैं उसकी चपेट में आ गया। हलमा पानी से हुआ। तभी एक और हमला हुआ।

मुझे नहीं पता कि वह कहां गया। लेकिन पहला वाला सीधा मुझ पर लगा और विस्फोट हो गया। मुझे हेलीकॉप्टर पर इसका अहसास हुआ। कुछ सिस्टम फेल हो गए हैं।'

यूक्रेन की सीक्रेट एजेंसी त्रक्र ने टेलीग्राम पर इसकी जानकारी दी। उसने कहा, 'मंगलवार को क्रीमिया के पश्चिमी तट पर केप तारखानकुट के पास एक लड़ाई में, मिसाइलों से लैस एक मगुरा Vz समुद्री ड्रोन ने एक रूसी Mi-8 हेलीकॉप्टर पर हमला कर दिया।'

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247



# नए साल पर गोल्डन टेंपल में लाखों श्रद्धालु हुए नतमस्तक

**जालंधर( अंशु कपूर ) :** नए साल पर गोल्डन टेंपल में लाखों-लोगों ने माथा टेका है। देश-विदेश से आए हुए टूरिस्टों ने 2025 का आगाज गुरु घर से किया है। 31 दिसंबर की सुबह से ही श्रद्धालु गोल्डन टेंपल में माथा टेकने पहुंच रहे थे। रात को 9 बजे से लेकर 12 बजे तक 2 लाख से भी ज्यादा श्रद्धालुओं ने स्वर्ण मंदिर में माथा टेका है। स्थिति ऐसी थी कि पैर रखने की भी जगह नहीं थी। वहीं अनुमान यह भी लगाया गया है कि नए साल के पहले दिन करीब 3 लाख श्रद्धालु माथा टेकने स्वर्ण मंदिर आ सकते हैं। रात 9 बजे से ही गोल्डन टेंपल में भीड़ बढ़नी शुरु हो गई थी।



### श्री सुखमनी साहिब का किया पाठ

भीड़ इतनी ज्यादा बढ़ गई कि लोगों को परिक्रमा के दौरान पैदल चलने में भी मशक्कत करनी पड़ी। परिक्रमा में चारों ओर श्रद्धालु ही श्रद्धालु दिखे। इस दौरान जिसको जहां जगह मिली वो वहीं बैठ गया और रात को 12 बजने का इंतजार करने लगे। श्रद्धालुओं ने पूरे समय बैठकर श्री सुखमनी साहिब का पाठ भी किया। 12 बजते ही गोल्डन टेंपल में 1 लाख से ज्यादा श्रद्धालु उमड़े और जो बोले सोनिहाल के नारे लगाने लगे। यह भीड़ रुकने वाली नहीं थी। अनुमान की मानें तो आज 3 लाख से ज्यादा श्रद्धालु गोल्डन टेंपल में माथा टेकने आ सकते हैं वहीं शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने इसके लिए पूरी तैयारी भी कर दिए है।

**खोलना पड़ा लंगर हाल:** गोल्डन टेंपल में सचखंड साहिब के कपाट जैसे ही बंद हुए भीड़ लंगर साहिब की ओर बढ़ गई। भीड़ इतनी ज्यादा हो गई कि लंगर हॉल के पीछे बने हुए कमरे भी खोलने पड़े इसके अलावा जितने भी श्रद्धालु हॉल के अंदर थे उतने ही बाहर भी थे लेकिन सेवा में कोई भी कमी नहीं रही। रात को हॉल के दूसरी ओर नए साल पर बनने वाले व्यंजनों की सेवा भी चल रही थी।

### श्रद्धालुओं की लगी भीड़

श्रद्धालु 12 बजने का इंतजार कर रहे थे इस दौरान उन्हें जहां भी जगह मिली वो वहीं बैठ गए। वहीं शेड भी भीड़ से भर गई। परिक्रमा करने के बाद श्रद्धालु बिछाए टाटों पर बैठ गए। चारों ओर श्रद्धालुओं की भीड़ भी दिखाई दे रही थी।

### सीएम मान ने भी किया ट्वीट

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने भी सभी लोगों को नए साल की शुभकामनाएं दी।

उन्होंने ट्वीट करते हुए कहा कि - देश के सभी नागरिकों को नव वर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं। आशा है कि इस साल में पंजाब विकास एवं प्रगति के नए युग में प्रवेश करेगा। भगवान से प्रार्थना है कि यह साल सबके लिए सुख-चैन, शांति और सफलता लेकर आए।

# पंजाब बोर्ड स्टूडेंट्स के Exams की तारीख बदली, अब 17 जनवरी दिन होंगी परीक्षाएं

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड ने पंजाबी अतिरिक्त विषय के चौथे तिमाही के परीक्षा की डेट शीट तय कर दी है। शिक्षा बोर्ड के प्रवक्ता ने बताया कि यह परीक्षा 30 तथा 31 जनवरी को होगी। परीक्षा फॉर्म शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट पर 1 जनवरी से उपलब्ध होंगे। ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म को हर तरह से मुकम्मल करने के लिए बाद 17 जनवरी 2025 तक शिक्षा बोर्ड के पेपर्स की शाखा दसवीं के फॉर्म सैक्शन मुख्य दफ्तर पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड मोहाली में दिए जाएंगे।

### परीक्षार्थी लेकर जाएं यह फॉर्म

शिक्षा बोर्ड के प्रवक्ताओं ने बताया कि परीक्षा फॉर्म को जमा करवाते समय परीक्षार्थी अपने दसवीं कक्षा पास के वास्तविक सर्टिफिकेट, फोटो पहचान पत्र और उनकी अटेस्टेड फोटोकॉपियां लेकर आएं।



### इन परीक्षाओं की भी बदली तारीख

इसके अलावा पंजाब सर्बोर्डिनेट की 19 जनवरी को होने वाली परीक्षाओं को देखते हुए स्टेट काउंसिल फॉर एजुकेशन रिसर्च एंड ट्रेनिंग पंजाब सत्र 2024-25 के लिए नेशनल मीन्स कम मैरिट स्कॉलरशिप और पंजाब स्टेट टैलेंट सर्च परीक्षा की तिथि भी बदल दी है।

### 2 फरवरी को होंगी परीक्षाएं

जो परीक्षाएं पहले 19 जनवरी को होने वाली थी वो अब 2 फरवरी को होगी। इस बदलाव से प्रभावित होने वाली परीक्षाओं में कक्षा 8वीं के लिए एन.एम.एम.एस और पी.एस.टी.एस ई और 10वीं पी.एस.टी.एस.ई शामिल हैं। एस.सी.ई.आर.टी के द्वारा यह फैसला पी.एस.एस.एस बी की परीक्षा और छात्रों के टकराव से बचाने के लिए लिया गया है। परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं को सही ढंग से बनाए रखने और छात्रों को अच्छी सुविधाएं देने के लिए यह बदलाव जरूरी है।

# पंजाब में स्कूलों के बाद अब इन संस्थानों की बढ़ी छुट्टियां, आदेश जारी

**जालंधर ( जसप्रीत सिंह ) :** पंजाब के स्कूलों में शीतकालीन छुट्टियां बढ़ाने के बाद अब सरकार ने राज्य के आंगनवाड़ी केंद्रों में छुट्टियां बढ़ा दी हैं। सर्दी के मौसम को देखते हुए यह फैसला लिया गया है । इस अनुसार अब आंगनवाड़ी केंद्रों की छुट्टियां 7 जनवरी 2025 तक बढ़ा दी हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि सर्दी के मौसम के कारण छोटे बच्चों का आंगनवाड़ी केंद्रों में आना-जाना काफी मुश्किल होता है।




### 7 जनवरी 2025 तक छुट्टियां

इसके चलते पंजाब सरकार ने आंगनवाड़ी केंद्रों में 3 से 6 साल के बच्चों की छुट्टियां 7 जनवरी 2025 तक बढ़ा दी हैं। इसके साथ ही कहा गया है कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को छुट्टियों के दौरान 3 से 6 साल के बच्चों को घर-घर राशन देने के लिए कहा गया है।

बता दें कि पंजाब में शीतलहर का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग ने 1 से 6 जनवरी तक बारिश और कोहरे का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान घना कोहरा छाया रह सकता है।

# जालंधर की सड़कों पर नजर आया बारहसिंगा, लोगों में फैली दहशत

**जालंधर( पवन कश्यप ):** जालंधर कैंट की जी पॉकेट बिल्डिंग के पास जंगली जानवर बारहसिंगा देखा गया है। बारहसिंगा का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर देखने को मिला है। यह वीडियो राहगीरों ने अपने फोन में रिकॉर्ड किया। नए साल की सेलिब्रेशन करने के बाद घर आ रहे युवकों ने इस वीडियो को देखा है हालांकि उसके बाद बारहसिंगा कहीं भी नजर नहीं आया।



### जालंधर कैंट में पहले भी दिखे हैं जानवर

जालंधर कैंट में पहले भी कई बार जंगली जानवर देखे गए हैं। आपको बता दें कि शहर में बारहसिंगा घुसने की वीडियो वायरल होने के बाद काफी अफरा तफरा मच गई थी हालांकि इसके बाद किसी को कोई भी नुकसान नहीं पहुंचा।

**प्रजाति के रुप में किया गया सूचीबद्ध :** वन विभाग के अनुसार, दक्षिण एशिया के ज्यादातर हिस्सों में यह जानवर पाए जाते हैं। भारत में हिमालय की दक्षिण-मुखी ढलानों में से लेकर बर्मा, थाईलैंड, इंडोचीन और मलय प्रायद्वीप में भी बारहसिंगा पाया जाता है। इसके अलावा साल 2008 से बारहसिंगा को आईयूसीएल रेड लिस्ट में संकटग्रस्त प्रजाति के तौर पर रखा गया है।

### ठंड के साथ हो रही बर्फबारी

इन दिनों ठंड के कारण बर्फबारी हो रही है जिसके चलते जंगली जानवर दूसरी जगह पर जाने के लिए बाहर आते हैं लेकिन वो रास्ता भटक जाते हैं और रिहायशी इलाकों में घुस जाते हैं।

वहीं वन विभाग की मानें तो बारहसिंघा एक बेहद नाजुक जानवर है यदि इसके आस-पास लोग इकट्ठे हों तो यह डर जाता है। कई बार तो यह लोग इतना घबरा जाते हैं कि इनकी मौत भी हो जाती है। हड़बड़ाहट में यह खुद के साथ भी नुकसान कर लेते हैं इसलिए लोगों को इनका पीछा नहीं करना चाहिए इससे उन्हें उसको पकड़ने में भी मुश्किल आएगी।

# जालंधर में कल ये रास्ते रहेंगे बंद, सुबह 09 से लेकर रात 10 बजे तक लागू हुआ ट्रैफिक डायवर्जन

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पूर्व की तैयारियां शुरु हो गई हैं। इसी उपलक्ष्य में अब कल जालंधर में विशाल नगर कीर्तन निकलने वाला है। यह नगर कीर्तन गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, मोहल्ला गोबिंदगढ़, जालंधर से शुरु होकर एस.डी कॉलेज, भारत सोडा फैक्ट्री, रेलवे रोड, मंडी फेटनगंज, गुरुद्वारा दीवान अस्थान, सेंट्रल टाऊन, मिलाप चौक, फगवाड़ा गेट, शहीद भगत सिंह चौक, पंज पीर चौक, खिंगरा गेट, गुरुद्वारा श्री सिंह सभा, माई हीरा गेट, भगवान वाल्मीकि गेट, पटेल चौक, सब्जी मंडी चौक, जेल चौक, बस्ती अड्डा चौक, भगवान वाल्मीकि चौक , रैनक बाजार से होता हुआ गुरुद्वारा श्री दीवान अस्थान, सेंट्रल टाउन में खत्म होगा।



## सुबह 09 बजे से लेकर 10 बजे तक ट्रैफिक डायवर्जन

इस नगर कीर्तन में भारी मात्रा में संगत आएगी जिसके चलते शहर में सुबह 09 बजे से लेकर रात 10 बजे तक ट्रैफिक डायवर्जन लागू कर दिया गया है।

### ट्रैफिक डायवर्जन कुछ इस तरह होगा

. मदन फ्लोर मिल चौक
. अलास्का चौक
. टी-प्वाइंट रेलवे स्टेशन
. एकहरी पुल/ दोमोरिया पुल
. किशनपुरा चौक/रेलवे फाटक
. दोआबा चौक/रेलवे फाटक
. पटेल चौक
. वर्कशॉप चौक
. कपूरथला चौक
. चिक-चिक चौक
. लक्ष्मी नारायण मंदिर मोड़
. फुटबॉल चौक
. टी-प्वाइंट शक्ति नगर
. नकोदर चौक
. स्काईलार्क चौक
. प्रीत होटल मोड़
. मखदूमपुरा गली (फुल्लांवाला चौक)
. प्लाजा चौक
.कंपनी बाग चौक (पी.एन.बी. चौक)
.मिलाप चौक
.शास्त्री मार्कीट चौक।


# पंजाब BSP पूर्व प्रधान जसबीर सिंह गढ़ी आम आदमी पार्टी में हुए शामिल, बसपा ने किया था निष्कासित

**जालंधर ( जसप्रीत सिंह ) :** बहुजन समाज पार्टी के पूर्व अध्यक्ष जसबीर सिंह गढ़ी आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने उन्हे पार्टी में शामिल करवाया है। बता दें कि क्ष्स्क्षसुप्रीमो मायावती ने 2 महीने पहले जसबीर सिंह गढ़ी को पार्टी से बर्खास्त कर दिया था। जसबीर सिंह गढ़ी को पार्टी से निष्कासित करने के बाद पार्टी हाई कमान की तरफ से अवतार सिंह करीमपुरी को नया प्रधान बनाया गया था। पार्टी की तरफ़ से जारी किए गए पत्र में कहा गया था कि अनुशासनहीनता के चलते ये कार्रवाई की गई थी।



# 1000 हिंदुओं को मारेंगे...महाकुंभ में ब्लास्ट की धमकी से प्रशासन में हड़कंप, हाई अलर्ट पर सुरक्षा एजेंसियां

**जालंधर( जसप्रीत सिंह ) :** महाकुंभ मेला को लेकर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर एक पोस्ट में महाकुंभ में बम धमाका करने की धमकी दी गई, जिससे सुरक्षा एजेंसियां हाईअलर्ट पर है।




नसर पठान नामक व्यक्ति ने इस पोस्ट को साझा करते हुए लिखा, ऑल ऑफ यू, तुम सब अपराधी हो। महाकुंभ में बम ब्लास्ट करेंगे। 1000 हिंदुओं को मारेंगे। अल्लाह इज ग्रेट। यह पोस्ट 31 दिसंबर को विपिन गौर नामक व्यक्ति द्वारा यूपी पुलिस के डायल-112 को टैग करते हुए री-ट्वीट किया गया था। इस धमकी के पश्चात पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी और प्रयागराज पुलिस कमिश्नर तथा विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों को सूचित किया। वर्तमान में, पुलिस इस पोस्ट के कर्ता की पहचान और गिरफ्तारी के लिए गहन प्रयास कर रही है।

यह पहली बार नहीं है जब महाकुंभ को निशाना बनाने की धमकी दी गई है। इससे पहले, 24 दिसंबर को खालिस्तानी आतंकी अमृतपाल सिंह पन्नू ने भी महाकुंभ में हमले की धमकी दी थी। महाकुंभ 13 जनवरी से शुरू होकर 26 फरवरी तक चलेगा, जिसमें लगभग 50 करोड़ लोगों की भागीदारी की उम्मीद है। इस धमकी को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और भी कड़ा कर दिया गया है।

लखनऊ के यूपी-112 मुख्यालय के ऑपरेशन कमांडर अरविंद कुमार नैन ने इस मामले में पुलिस महानिदेशक अभिसूचना, लखनऊ, अपर पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था, लखनऊ, अपर पुलिस महानिदेशक सुरक्षा, लखनऊ, अपर पुलिस महानिदेशक ञ्स्, लखनऊ और स्स्क्ष कुंभ को पत्र लिखकर जांच के आदेश दिए हैं। पुलिस इस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और धमकी देने वाले व्यक्ति को जल्द से जल्द पकड़ने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

# छह दिन सूर्य देवता गायब : आठ डिग्री लुढ़का पारा, अभी ठंड से राहत नहीं, चंडीगढ़ में फिर बारिश का अलर्ट

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** सिटी ब्यूटीफुल चंडीगढ़ में नए साल के आगमन पर सूर्य देवता नदारद रहे। बीते छह दिन से सूर्य देवता गायब हैं। इस वजह से पूरा शहर कड़ाके की ठंड की चपेट में है। ठंड की वजह से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बर्फिली हवाएं तन बदन को कंपा रही हैं। हालात यह हैं कि लोग घरों में दुबकने को मजबूर हैं। बीते सप्ताह शहर में शुक्रवार और शनिवार को खूब बरसात हुई थी।

कई जगह ओले गिरे, तो वहीं पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी हुई। हालांकि उसके बाद से शहर में बारिश तो नहीं हुई, लेकिन सूर्य भगवान भी दर्शन नहीं दे रहे हैं। रविवार से बुधवार तक आसमान में बादल छाए हुए हैं। वहीं सुबह, शाम और रात को धुंध पड़ रही है। इस वजह से शीतलहर पूरे चर्म पर है।



मौसम विभाग की माने तो अभी सर्दी से शहर के लोगों को राहत नहीं मिलने वाली है। क्योंकि पांच जनवरी से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जिससे पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में बारिश की संभवाना बनी हुई है। बारिश के बाद ठंड में इजाफा होगा। ऐसे में लोगों को ठंड से बचाव की हिदायत भी दी गई है।

धूप न निकलने की वजह से तापमान पर खासा असर पड़ा है। मंगलवार को शहर का दिन का तापमान 11.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य तापमान से 8 डिग्री कम है। वहीं, नए साल के पहले दिन (बुधवार की रात) न्यूनतम तापमान 8.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.5 डिग्री ज्यादा है।

## सुबह-शाम बढ़ेगी धुंध

मौसम विभाग के अनुसार सुबह और शाम धुंध छाने से लोगों की परेशानी बढ़ सकती है। धुंध छाने से हादसों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में वाहन चालकों को एहतियात बरतने की जरूरत है। धुंध की वजह से तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी, जिससे ठंड में और इजाफा होने की उम्मीद है।

## दिसंबर में बारिश ने तोड़ा 10 साल का रिकॉर्ड

वर्ष 2024 में दिसंबर महीने में बादल खूब बरसे हैं। इस बार दिसंबर में बारिश ने बीते 10 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ा है। दिसंबर में 40.5 एमएम बारिश हुई है। यह सामान्य से 15.6 एमएम ज्यादा है। इससे पहले वर्ष 2014 में सबसे ज्यादा 90 एमएम बारिश हुई थी। इसके बाद 2024 तक इतनी बारिश कभी नहीं हुई।

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247






# 8 पाकिस्तानी नागरिकों को 20 साल की जेल, मुंबई की अदालत ने क्यों दिखाया सख्त रुख?

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** मुंबई की एक विशेष अदालत ने बुधवार को आठ पाकिस्तानी नागरिकों को 20 साल के कारावास की सजा सुनाई है।

एनडीपीएस अधिनियम मामलों के विशेष जज शशिकांत बांगर ने इन सभी को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत अधिकतम 20 साल की जेल की सजा सुनाई है। अदालत ने हर दोषी पर दो लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

दोषियों की पहचान अलीबक्श खशकेली सिंधी, मकसूद अख्तर यूसुफ मसीम, मोहम्मद बख्श नाथो, मोहम्मद अहमद मोहम्मद इनायत, मोहम्मद यूसुफ अब्दुल्ला गगवानी, मोहम्मद युनुस हाजी मोहम्मद सुमर सिंधी, मोहम्मद गुलहसन मौलाबख्श बलूच सिंधी और गुलहसन मोहम्मद सिद्दीक सिंधी के रूप में हुई है।



## क्या है यह पूरा मामला?

इन सभी को 2015 में गुजरात तट पर एक मछली पकड़ने वाली नाव पर 232 किलोग्राम हेरोइन ले जाते हुए पकड़ा गया था। इसकी कीमत 6.96 करोड़ रुपये थी। इस नाव के चालक दल के आठ सदस्य पाकिस्तानी नागरिक थे। इन लोगों ने दावा किया कि वे मछुआरे थे।

अधिकारियों ने नाव की तलाशी ली लेकिन कोई मछली नहीं मिली। इसके बजाय हेरोइन के कुछ कॉमर्शियल पैकेट मिले। पोरबंदर के तट पर पहुंचने पर पैकेटों की जांच की गई और उनमें हेरोइन मिली।

इसका वजन 232 किलोग्राम था। इनके पास से तीन सैटेलाइट फोन, दो जीपीएस नेविगेशन चार्ट, मोबाइल फोन भी मिले।

मुंबई में येलो गेट पुलिस ने एनडीपीएस अधिनियम के तहत FIR दर्ज की और इन लोगों को मुंबई की जेल में रखा गया।

### अदालत ने क्या कहा?

अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि इन लोगों ने मछुआरा होने का दावा किया था लेकिन वे यह नहीं बता सके कि उनकी नावों में हेरोइन के कॉमर्शियल पैकेट क्यों थे। अदालत ने यह भी कहा कि वे तीन सैटेलाइट फोन ले जा रहे थे, जिनका इस्तेमाल भारत या पाकिस्तान में आम लोगों को करने की अनुमति नहीं है।

स्पेशल पब्लिक पॉसीक्यूटर सुमेश पुंजवानी ने आरोपियों के लिए अधिकतम सजा की मांग करते हुए कहा कि ऐसी सजा मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के लिए सबक हो सकती है। हालांकि बचाव पक्ष के वकील ने दलील दी कि दोषियों के प्रति नरम रुख अपनाया जाना चाहिए।

दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने नरमी बरतने से इनकार कर दिया और आठों आरोपियों को अधिकतम सजा सुनाई।

# जालंधर में नए साल पर सिख युवक और पुलिस की बहस, इस वजह से हुआ हंगामा

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** सारे देश ने देर रात को नए साल का जश्न मनाया है। वहीं नए साल के जश्न के चलते शहर के सारे मंदिर- गुरुद्वारों और 100 से ज्यादा रेस्टोरेंट्स में जश्न का माहौल रहा। इसके अलावा पुलिस ने भी जगह-जगह शरारती अनसरों को लेकर नाकेबंदी की थी। इस दौरान सिख युवक पर पुलिस को टिप्पणी करना महंगा पड़ गया।

**नाके पर हुआ हंगामा :** सिख युवक ने पुलिस पर टिप्पणी कर दी जिसके बाद नाके पर काफी देर तक हंगामा रहा। पुलिस



अधिकारियों ने बीच में आकर मामला शांत करवाया और युवकों को शांतिपूर्वक घर में भेजा। इसके अलावा नए साल को लेकर जॉइंट पुलिस कमिश्नर संदीप शर्मा ने बताया कि शहर की सुरक्षा के लिए करीब 800 से ज्यादा मुलाजिम तैनात किए गए हैं।

**50 से ज्यादा स्थानों पर नाकाबंदी :** पुलिस ने कुल 50 से ज्यादा प्वॉइंट नोट कर लिए हैं। इन प्वाइंट्स पर नाकाबंदी के अलावा बाकी सुरक्षा के प्रबंध भी किए जाएंगे। इनमें से सबसे प्रमुख जगहें कुछ इस तरह है जैसे पीपीआर मार्केट, मॉडल टाउन, हवेली, क्यूरो मॉल, आदर्श नगर के साथ-साथ शहर के अलग-अलग हिस्सों में पुलिस का ध्यान रहेगा क्योंकि इन जगहों पर लोग अपने परिवार के साथ घूमने के लिए जाते हैं।




# ज्वाइनिंग लेटर मिलने के 1 दिन बाद ही हुआ रिटायरमेंट

## बिहार में सामने आया अनोखा मामला

**जालंधर ( पंकज शर्मा ) :** बिहार के जमुई से एक अनोखा मामला सामने आया है। जहां एक शिक्षिका ज्वाइनिंग के अगले दिन ही रिटायर हो गई हैं। मामला जमुई के खैरा प्रखंड में कार्यरत रही नियोजित शिक्षिका अनीता कुमारी का है। अनीता को 60 साल की आयु पूर्ण होने के बाद उन्हें सेवानिवृत्ति मिली है। इसको लेकर अनीता ने कहा है कि दुख की बात ये है कि साल 2024 में हुए विशिष्ट शिक्षक की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बावजूद उनको वो विशिष्ट शिक्षक के तौर पर ज्यादा काम नहीं कर पाईं।

### 31 दिसंबर को रिटायर हुई थीं शिक्षिका

जमुई के खैरा प्रखंड में स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय, शोभाखान में अनीता कुमारी साल 2006 से ही पंचायत शिक्षिका के रूप पढ़ा रही थी। इसके बाद उन्होंने मार्च 2014 को हाई स्कूल (टीईटी पास) की शिक्षिका के रूप में पढ़ाया। साल



2024 में अनीता ने सक्षमता वन की परीक्षा पास की। उनको 30 दिसंबर 2024 को विशिष्ट शिक्षक के रूप नियुक्ति पत्र मिला। नई नियुक्ति पत्र के आधार पर अनीता को जनवरी 2025 तक उक्त विद्यालय में ही काम करना था। लेकिन वो 31 दिसंबर को ही रिटायर गईं।

**नियुक्ति पत्र लेने को लेकर असमंजस में थीं अनीता :** नियुक्ति पत्र को लेकर अनीता ने कहा कि वो पूरी तरह से असमंजस में थीं क्योंकि उनको समझ में नहीं आ रहा था कि वो विशिष्ट शिक्षक नियमावली के तहत वह नियुक्ति पत्र लें या नहीं। उनकी उम्र 31 दिसंबर 2024 को उनकी आयु 60 वर्ष पूरी हो रही थी। इस वजह से उनको 31 दिसंबर को ही रिटायर हो जाएगी। ऐसे में उनको सेवानिवृत्त हो जाने पर उनको विशिष्ट शिक्षक बनने का कोई लाभ भी नहीं मिल पाएगा।


लंबे इंतजार और लड़ाई के बाद करीब पौने 4 लाख नियोजित शिक्षकों को जीत मिली। बिहार की नीतीश कुमार सरकार ने सभी नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने का फैसला किया। बीते साल के 26 दिसंबर को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेश के विद्यालयों में तैनात शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा दिया। इसके बाद सभी नियोजित शिक्षकों को विशिष्ट शिक्षक के तहत परमानेंट टीचर का दर्जा मिल गया।

### कौन होते हैं नियोजित शिक्षक

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि बिहार में पंचायती राज, नगर निकाय संस्थान के वो कर्मचारी जो प्राइमरी स्कूलों में पढ़ा रहे हैं लेकिन उनकी सेवा नियमावली राज्य सरकार के कर्मचारी से अलग है। साल 2006 में इन्हें नियोजित शिक्षक के तौर पर मान्यता दे दी गई थी। अब दर्जा मिलने के बाद ये सहायक शिक्षक कहे जाएंगे।




# जिंदगी की जंग हार गई 'चेतना', 10 दिन बाद बोरवेल से निकाली गई बाहर; डॉक्टरों ने किया मृत घोषित



**जालंधर( हर्ष शर्मा ) :** राजस्थान के अलवर के कोटपूतली में 700 फीट गहरे बोरवेल में फंसी तीन साल की चेतना को आखिरकार बुधवार को 10 दिन बाद बाहर निकाल लिया गया। बाहर निकालने के तुरंत बाद ही चेतना को रेस्क्यू टीम कपड़ों में लपेटकर अस्पताल लेकर गई, जहां पर डॉक्टरों चेतना को मृत घोषित कर दिया। शव के पोस्टमार्टम करने की तैयारी चल रही है। राजस्थान NDRF के चीफ योगेश मीणा के मुताबिक, बच्ची को अचेत अवस्था में निकाला गया है। जब उसे बाहर निकाला गया तो उस दौरान शरीर में कोई मूवमेंट नहीं था।

### प्रशासन पर लगे लापरवाही के आरोप

10 दिन चले रेस्क्यू ऑपरेशन में NDRD की टीम काफी मशक्कत करनी पड़ी। रेस्क्यू टीम ने जिस बोरवेल में चेतना गिरी थी। उसके बराबर एक सुरंग खोदकर 10 दिन बाद उसे बाहर निकाला। इससे पहले आज सुबह करीब 11:30 बजे रेस्क्यू टीम ने बोरवेल के आसपास फिनायल का छिड़काव किया और कपूर जलाया, ताकि कोई अनहोनी हो तो उससे फैली बदबू से बचा जा सके। बोरवेल के आसपास फिनायल का छिड़काव करने के बाद से ही उसके बचने की कम ही उम्मीद लगाई जा रही थी। चेतना को निकालने के लिए यह अभियान राज्य में सबसे लंबे बचाव अभियानों में से एक रहा। इस दौरान बोरवेल में गिरी बच्ची के परिजनों ने प्रशासन पर लापरवाही बरतने का भी आरोप लगाया।

### बारिश से रेस्क्यू ऑपरेशन में मुश्किल

बोरवेल में गिरने के एक दिन बाद यानी 24 दिसम्बर की शाम से बच्ची का कोई मूवमेंट नजर नहीं आ रहा था। कोटपूतली-बहरोड़ जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने सोमवार को कहा था कि पत्थर की चट्टान और बारिश ने रेस्क्यू ऑपरेशन में चुनौती पैदा की। बचाव अभियान में सख्त चट्टान को काटना टीम के लिए काफी चुनौतीपूर्ण रहा।

### चेतना की मां ने की थी भावुक अपील

बोरवेल में गिरी बच्ची चेतना की मां धोली देवी ने शनिवार को कहा था कि वह भूख और प्यास से तड़प रही है। उसे अब तक बाहर नहीं निकाला गया है। अगर वह कलेक्टर की बच्ची होती तो क्या वह इतने दिनों तक उसे वहां रहने देतीं? बता दें, सारुंद थाना क्षेत्र में 23 दिसंबर को बोरवेल में गिरी तीन साल की चेतना को बाहर निकालने के लिए पहले तो रिंग की मदद ली गई, लेकिन कोशिश विफल रही। दो दिनों तक लगातार प्रयास के बाद भी कोई नतीजा नहीं निकला तो बुधवार को समानांतर गड्ढा खोदकर सुरंग के जरिए तीन साल की बच्ची तक पहुंचने की रेस्क्यू टीम ने कोशिश शुरू की।

### रेस्क्यू टीम से हुई थी बड़ी चूक

चेतना को बचाने के लिए NDRF की टीम नीचे सुरंग खोदने के लिए बोरवेल के बगल में ही 170 फीट गहराई तक पाइप डाला।

फिर बोरवेल में फंसी चेतना तक पहुंचने के लिए सुरंग खोदी, लेकिन इस दौरान टीम से एक बड़ी चूक हो गई। 10 फीट लंबी सुरंग की खुदाई पूरी हो चुकी है, लेकिन इसकी दिशा गलत निकली।

# 5 रुपए किलो आटा, 6 रुपए किलो चावल, जानिए महाकुंभ मेला क्षेत्र में क्या है राशन देने की तैयारी?

**जालंधर( पंकज शर्मा ) :** महाकुंभ 2025 को दिव्य और भव्य बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार विशेष तैयारियां कर रही हैं। इस बार श्रद्धालुओं, अखाड़ों और कल्पवासियों के लिए सस्ते दरों पर राशन की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में मेला क्षेत्र में 138 उचित मूल्य की राशन दुकानें खोली गई हैं, जहां कल्पवासियों को आटा, चावल और चीनी नाम मात्र की कीमत पर उपलब्ध कराई जा रही है।

महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं और कल्पवासियों को 5 रुपए प्रति किलो की दर से आटा, 6 रुपए प्रति किलो चावल और 18 रुपए प्रति किलो चीनी दी जा रही है। इस योजना के तहत एक लाख 20 हजार सफेद राशन कार्ड बनाए गए हैं। हर कल्पवासी को 3 किलो आटा, 2 किलो चावल और 1 किलो चीनी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

### अखाड़ों और संस्थाओं के लिए भी 800 परमिट की व्यवस्था की गई है

अखाड़ों और संस्थाओं के लिए भी 800 परमिट की व्यवस्था की गई है। राशन वितरण के साथ-साथ भोजन पकाने के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मेला क्षेत्र के 25 सेक्टर्स में इसके लिए विशेष एजेंसियां तैनात की गई हैं।

राशन वितरण को सुचारू बनाए रखने के लिए मेला क्षेत्र में पांच बड़े गोदाम स्थापित किए गए हैं। इन गोदामों में 6000 मीट्रिक टन आटा, 4000 मीट्रिक टन चावल और 2000 मीट्रिक टन चीनी का भंडारण किया गया है। साथ ही, हर दुकान पर 100 कुंतल राशन उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि किसी को कोई परेशानी न हो।

महाकुंभ में इस बार राशन वितरण में तकनीक का भी उपयोग किया जा रहा है। 'वन नेशन वन कार्ड' योजना के तहत, लाभार्थी किसी भी उचित मूल्य की दुकान से राशन ले सकते हैं। यह सुविधा जनवरी से फरवरी अंत तक उपलब्ध रहेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस बार महाकुंभ को नव्य रूप देने का लक्ष्य रखा है। श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक भोजन और राशन व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ-साथ उन्होंने अधिकारियों को हर क्षेत्र में बेहतरीन प्रबंधन के निर्देश दिए हैं।



महाकुंभ 2025 के इन इंतजामों से यह स्पष्ट है कि सरकार न केवल आध्यात्मिकता को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है, बल्कि श्रद्धालुओं को किफायती और सुविधाजनक सेवाएं प्रदान करने में भी गंभीर है।

# कपूरथला में अध्यापक के घर हुई चोरी, कैश समेत लाखों का सामान लेकर फरार चोर

**जालंधर( अंशु कपूर ) :** कपूरथला के गांव सैदो भुलाना में एक टीचर के घर चोरी हो गई है। चोरी की घटना घर के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। दो संदिग्ध बाइक सवार चोरी करते हुए नजर आ रहे हैं। शिकायत मिलने के बाद थाना सदर की पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कर ली है। पुलिस जांच में जुट गई है। घटना की जानकारी देते हुए एएसआई पूरनचंद ने बताया कि पास में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज कब्जे में कर ली गई है और चोरों की पहचान भी की जा रही है।

**घर में बिखरा था सामान :** पुलिस की जानकारी के अनुसार, सैदो भुलाना के रहने वाले रमन कुमार ने बताया कि वो भलाना के स्कूल में टीचर हैं। 254 दिसंबर को स्कूल में छुट्टियां पड़ने के बाद वो अपने घर अमृतसर में चला गया। 29 दिसंबर की सुबह उसे पड़ोसियों का फोन आया कि उसके घर के ताले टूटे हुए हैं। इतनी बात सुनकर जब वो घर में आया तो उसने देखा कि सारा सामान बिखरा पड़ा था।

**हजारों रुपये की नगदी हुई चोरी :** जांच के दौरान सामने आया है कि सैमसंग की एलईडी टीवी, इनवर्टर सेट, कोट पैंट सूट और हजारों रुपये की नगदी चोरी हो गई है। अज्ञात चोरों की सारी एक्टिविटी पास में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। इसमें देखा जा सकता है कि आधी रात को दो बाइक सवार संदिग्ध घूमते हुए नजर आ रहे हैं इनके आधार पर आरोपियों की पहचान भी की जा रही है। भुलाना चौकी के इंचार्ज एएसआई पूरनचंद ने भी बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान की जा रही है। फिलहाल अभी अज्ञात चोरों के खिलाफ थाना सदर में एफआईआर भी दर्ज की गई है।

